समाचार

# 15 जून को वार्ड क्र. 02, 11, 21, 34, 41, 49, 55, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 14 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 15 जून मंगलवार को वार्ड क. 02, 11, 21, 34, 41, 49, 55, 62 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जून मंगलवार को वार्ड क्र. 02 सामुदायिक भवन तुलसीनगर के पास, वार्ड क्र. 11 जोन कार्यालय के पास, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 34 सामुदायिक स्टेज के पास कौशल्या मितानिन के घर के पास, वार्ड क. 41 कांजीहाउस के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 49 श्री रामायण दास घर के पास, वार्ड क. 55 रक्सीपारा स्थिता सांस्कृतिक मंच, वार्ड क. 62 नरईबोध स्कूल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।